देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 46 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
समर्थन की उम्मीद



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 18 मई 2024



मौसम अधिकतम 39.0° न्यूनतम 25.0° | 72987.03 | 2 सिर्फ हमारे साथ मजबूत दोस्ती रखे | 7 आरसीबी ने किया थाला का स्वागत

# चारधाम यात्रा की लगातार मॉनिटरिंग करें अधिकारी

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों से विभिन्न व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री बड़कोट जाकर ग्राउंड जीरो से यमुनोत्री धाम की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत और यात्रा को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं मोर्चा संभाले हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिवों को निर्देश दिये हैं कि वे लगातार चारधाम यात्रा मार्गों पर अपने विभागों से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को देखें और विभागों के उच्चाधिकारियों को भी मौके पर भेजें। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं में सभी अधिकारी चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी और एसपी का पूरा सहयोग करें। यात्रा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बिना फिटनेस के कोई वाहन यात्रा मार्ग पर चल रहे हैं तो, इसके लिए संबंधित परिवहन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्रेशन के अनुसार ही श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा पर भेजा जाए। ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन को फिलहाल स्थगित रखा जाय।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग से केदारनाथ यात्रा के बारे में जानकारी ली।

जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सौरभ गहरवार ने अवगत कराया कि केदारनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आज अभी तक श्री केदारनाथ में 11 हजार हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, पैदल मार्ग से 08 हजार यात्री दर्शन के लिए गये हैं। ठहराव वाले स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यात्रा मार्ग पर वाहनों के आवागमन की व्यवस्थाओं की कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। यातायात प्रबंधन के लिए यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्होंने रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक यात्रा व्यवस्थाओं को देखा।



### ठहराव स्थलों पर यात्रियों को मिलें जरूरी सुविधाएंः सीएम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यात्रियों को जिन स्थानों पर ठहराने की व्यवस्थाएं की गई है, यह सुनिश्चित किया जाए कि उन स्थानों पर सभी मूलभूत सुविधाएं पेयजल, विद्युत, शौचालय, खानपान और बच्चों के लिए दूध और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने निर्देश दिये कि चारधाम पैदल मार्गों पर श्रद्धालुओं को पेयजल एवं अन्य सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत आवश्कतानुसार वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाए और श्रद्धालुओं को इन मार्गों के बारे में जानकारी भी दी जाए। सचिव परिवहन को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि वाहनों की फिटनेस का विशेष ध्यान रखा जाए।

### फर्जी रजिस्ट्रेशन वालों पर की जा रही सख्त कार्रवाईः डीएम

जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आज गंगोत्री धाम में 11 हजार और यमुनोत्री धाम में 10 हजार श्रद्धालुओं के दर्शन करने की संभावना है। श्रद्धालुओं के लिए जिन स्थानों पर ठहराव की व्यवस्था की गई वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एसपी उत्तरकाशी ने कहा कि कुछ लोग फर्जी रजिस्ट्रेशन वाले पाये गये हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने कहा कि श्री बद्रीनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आगामी सप्ताह में अवकाश के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत भी सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब घोटाले में ईडी का बड़ा ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा ऐक्शन लिया है। ईडी ने शुक्रवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करते हुए पहली बार आम आदमी पार्टी और इसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया। यह पहला मौका है जब किसी राजनीतिक दल को पीएमएल केस में आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा कथित घोटाले में पहली बार दिल्ली के सीएम को भी आरोपी बनाया गया है।

### भारत ने पाकिस्तान को दी खुले शब्दों में चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान को खुले शब्दों में चेतावनी दी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारत में किसी भी तरह की आतंकवाद गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है।

# मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं

## सोनिया गांधी ने रायबरेली की जनता को दिया संदेश

**संवाददाता**

लखनऊ। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए रायबरेली की जनता को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेरा आंचल आपके प्रेम और आर्शीवाद से जीवनभर भरा रहा। आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही आपको राहुल को अपना मान कर रखना है, राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमेठी-रायबरेली से हमारा रिश्ता 103 साल पहले किसान आंदोलन के समय से शुरू होता है और अब मैं अपना राहुल आपको सौंप रही हूं। इस दौरान सोनिया गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं।

आईटीआई मैदान में गठबंधन की सेवा संकल्प सभा में कांग्रेस और सपा ने मिलकर ताकत दिखाई। महंगाई से लेकर इलेक्टोरल बांड तक के मुद्दों पर भाजपा पर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा देश देख रहा है। यह समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक सैलाब बन गए हैं। पूरे देश को दिखाया है कि पूरे दिल से आप लगे हैं। परिश्रम किया है, यह रायबरेली क्षेत्र है। मेरे परिवार का रायबरेली से गहरा रिश्ता रहा है। इस रिश्ते को अटूट बनाने के लिए राहुल गांधी मैदान में हैं। दस साल से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं परेशान हैं।

### रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे राहुल गांधी

सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा जनसमर में बड़ी संख्या में सभी पदाधिकारी दिखाई दे रहे हैं। जहां से मैं चला हूं। लगातार सड़कों पर सैलाब दिखाई दे रहा है। पंडाल के बीच लोग दिखाई दे रहे हैं। यह जनसैलाब फैसला कर रहा है कि राहुल गांधी न केवल जीतेंगे बल्कि रिकॉर्ड जीत होगी। रायबरेली की यही राय है कि भाजपा यहां से जाए। देश के एक नेता हैं जो हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। वह भी देख लें और सुन लें कि राहुल का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है।

# विदेश यात्रा का टिकट भी हो गया बुक खटाखट-खटाखट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें बताया गया है कि लोकसभा चुनाव के बाद विदेश यात्रा के लिए उनके टिकट बुक हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने फतेहपुर में एक रैली में कहा, पंजे और साइकिल के सपने टूट गए, खटाखट खटाखट, अब 4 जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किसपर फोड़ा जाए, खटाखट खटाखट, मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है, खटाखट खटाखट।

पीएम मोदी ने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा, पूरी कांग्रेस एक परिवार के सम्मान की रक्षा में लगी हुई है। लेकिन फिर भी, दो लड़कों की साझेदारी हर चुनाव में शुरू हो जाती है क्योंकि सपा और कांग्रेस दोनों की अनुकूलता एक दूसरे से मेल खाती है क्योंकि दोनों परिवार के लिए समर्पित हैं, दोनों भ्रष्टाचार के लिए राजनीति में हैं। दोनों अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं, दोनों अपराधियों और माफियाओं को बढ़ावा देते हैं, और सपा और कांग्रेस दोनों आतंकवादियों के प्रति समान रूप से सहानुभूति रखते हैं।

### तंज

▪पीएम मोदी का राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर तंज

### सपा का माफिया प्रेम अभी खत्म नहीं हुआ

पीएम मोदी ने कहा, सपा का माफिया प्रेम अभी खत्म नहीं हुआ है, उनकी पार्टी के मुखिया माफिया की कब्र पर फतिया पढ़ रहे हैं। पाकिस्तान हमारे देश पर हमला करता था, कांग्रेस उन्हें क्लीन चिट देती थी और उन्होंने एक झूठी कहानी बुनी है भगवा आतंकवाद की।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# तू क्या कर लेगी, तुझे ऐसी जगह गाड़ेंगे...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कुछ दिनों पहले आरोप लगाए थे कि उनके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर सीएम के सहयोगी बिभव कुमार ने मारपीट और बदसलूकी की थी। इस मामले पर आज शुक्रवार को पुलिस ने स्वाति मालीवाल के मजिस्ट्रेट के समाने कलमबंद बयान दर्ज कराए। स्वाति मालीवाल ने एफआईआर में बिभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### एफआईआर में सामने आया स्वाति मालीवाल का पक्ष

स्वाति मालीवाल की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने स्वाति मालीवाल को कई बार लात और करीब सात-आठ थप्पड़ मारे। स्वाति ने बताया कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया था।

## न्यूज डायरी



### जबालिया में इजरायली सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी क्षेत्र जबालिया में इजरायली सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई जारी है। इजरायली सेना टैंकों और बख्तरबंद वाहनों से लड़ाकों व आबादी वाले क्षेत्रों पर हमले कर रही है और लड़ाके एंटी टैंक राकेट और मोर्टार से जवाब दे रहे हैं। जबालिया में गलतफहमी के चलते हुई इजरायली टैंक की गोलाबारी में इजरायल के ही पांच सैनिक मारे गए हैं और सात घायल हुए हैं। इस बीच, रफाह में भी लड़ाई जारी है और वहां पर इजरायली सेना धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। रफाह से करीब छह लाख बेघर फलस्तीनियों के ठिकाना छोड़कर अन्य स्थानों पर जाने की सूचना है। सात महीने की लड़ाई में आधुनिक हथियारों से लैस इजरायली सेना हमास और इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों को हरा नहीं पाई है। इजरायल ने कहा है कि गाजा से हमास के खात्मे के बाद ही वहां का सैन्य अभियान रुकेगा, जबकि अमेरिका ने कहा है कि इजरायल का यह लक्ष्य मुश्किल है और इसकी प्राप्ति में उसे अभी और कई महीने लग सकते हैं। गाजा में बनी भूमिगत सुरंगों से निकलकर फलस्तीनी लड़ाके इजरायली सैनिकों पर अचानक हमले कर रहे हैं और गायब हो जा रहे हैं। सात महीने के युद्ध में इजरायली हमलों में गाजा में अभी तक कुल 35,272 फलस्तीनी मारे गए हैं।

### अंग्रेजों ने इस लाइन को खींचा था जो पाकिस्तान के लिए मुसीबत है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान तालिबान की सेना के बीच पिछले तीन दिनों से संघर्ष चल रहा है। डूरंड लाइन पर दोनों देश एक दूसरे पर निशाना लगा रहे हैं। पक्तिया के निवासियों ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से दर्जनों मिसाइलें दागी गईं, जो लोगों के घरों पर गिरी हैं। एक समय था जब पाकिस्तान तालिबान की मदद करता था। लेकिन जब से तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता में आया है, पाकिस्तान के साथ संघर्ष बढ़ गए हैं। टीटीपी आतंकियों के हमले भी बढ़ गए हैं। अफगानिस्तान-पाकिस्तान के विवाद का सबसे बड़ा कारण डूरंड लाइन है, जिसे अंग्रेजों ने बनाया और ये पाकिस्तान के लिए मुसीबत बनी हुई है। अफगानिस्तान में तालिबान प्रशासन के उप मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्टानिकजई ने फरवरी में एक बयान देते हुए डूरंड लाइन को लेकर पाकिस्तान को झटका दिया था। उन्होंने कहा था कि डूरंड लाइन जब बनी तब पाकिस्तान का अस्तित्व भी नहीं था। उन्होंने कहा, श्डूरंड लाइन एक काल्पनिक रेखा है। अंग्रेजों ने उस समय अब्दुल रहमान खान के साथ समझौते के अनुसार इसे खींचा था। पाकिस्तान का इससे कोई लेना देना नहीं। श शेर मोहम्मद का बयान सही है। यह रेखा पाकिस्तान के अस्तित्व से 53 साल पहले 12 नवंबर 1893 में खींची गई थी।

### नेपाल के पीएम प्रचंड के लिए खड़ी हुई नई मुश्किल, सहयोगी ने गठबंधन तोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड 20 मई को संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे। यह उनके पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा विश्वास मत होगा। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से समर्थन वापस लेने के कुछ दिनों बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है। प्रचंड नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) से संबंध रखने पूर्व गुरिल्ला नेता हैं और उनकी पार्टी प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। विश्वास मत हासिल करने का निर्णय 13 मई को उपेन्द्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी नेपाल (जेएसपी) द्वारा पार्टी में विभाजन के बाद सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद किया गया है। यादव ने उपप्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और उनकी पार्टी सरकार से बाहर हो गई थी। प्रतिनिधि सभा के सहायक प्रवक्ता दशरथ धमाला के अनुसार, श्प्रधानमंत्री नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 100 खंड 2 के मुताबिक विश्वास मत हासिल कर रहे हैं। धमाला ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय और मंत्रिपरिषद ने पहले ही इस मामले के संबंध में संसद सचिवालय को सूचित करते हुए एक पत्र भेजा है।

# रूस और अमेरिका दोनों पक्षों के बीच खेलता रहा है भारत

**रिपोर्ट**

## अमेरिकी सांसद ने कहा-अब सिर्फ हमारे साथ मजबूत दोस्ती रखे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने कहा है कि मानवाधिकारों पर भारत को व्याख्यान देने से काम चलने की संभावना नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे इस मुद्दे पर चिंताएं व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण देश के नेतृत्व के साथ बातचीत करने के पक्ष में हैं।

कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष और कांग्रेसी रो खन्ना तीन अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों- थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. अमी बेरा के साथ इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट का शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स के दौरान एक पैनल चर्चा के दौरान इस मामले पर बात की।

डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े सांसदों ने दोहराया कि वे अपने नेतृत्व के साथ भारत में मानवाधिकारों का मुद्दा उठाना जारी रखेंगे। भारत में 100 से अधिक वर्षों तक उपनिवेश रहा है।




इसलिए, जब हम मानवाधिकारों के बारे में बातचीत कर रहे हैं, और आप विदेश मंत्री एस जयशंकर या किसी अन्य के साथ बातचीत कर रहे हैं तो आपको यह समझना होगा कि आप सिर्फ भारत को उपदेश देने के नजरिए से आ रहे हैं। खन्ना ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों से कहा, जब वे कहते हैं कि औपनिवेशिक शक्तियों ने हमें सैकड़ों वर्षों तक उपदेश दिया है तो यह फायदेमंद नहीं होगा।

पैनल चर्चा का संचालन करते हुए एबीसी के राष्ट्रीय संवाददाता जोहरीन शाह ने खन्ना से मुस्लिम समुदाय के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंधों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि भारत के साथ बातचीत करना, यहां हमारे लोकतंत्र में खामियां हैं, आपके लोकतंत्र में क्या खामियां हैं और हम सामूहिक रूप से लोकतंत्र और मानवाधिकारों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं, मुझे लगता है कि यह अधिक रचनात्मक दृष्टिकोण है।

खन्ना के उक्त कथन पर बेरा सहमति जताते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री से भी यही कहा है। यदि भारत अपना धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र खो देता है, तो बाकी दुनिया का भारत के प्रति नजरिया बदल सकता है। डेमोक्रेट थानेदार ने कहा कि वह मजबूत भारत-अमेरिका संबंधों के पक्षधर हैं। हमें एक मजबूत अमेरिकी-भारतीय रिश्ते की जरूरत है। भारत ऐतिहासिक रूप से रूस और अमेरिका दोनों पक्षों से खेलता रहा है। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत अमेरिका के साथ मजबूत दोस्ती के लिए प्रतिबद्ध हो और यह ऐसी चीज है जिस पर मैं काम करना चाहता हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका को भारत की आर्थिक शक्ति को पहचानना होगा और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत ही सबसे अच्छा समाधान है।

## अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया में भारतवंशियों के अधिक प्रतिनिधित्व की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या उनकी बढ़ती आबादी को नहीं दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतवंशियों को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए।

कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी के थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट के वार्षिक सम्मेलन में यह बात कही। यह संगठन देश भर में निर्वाचित पदों के लिए चुनाव में उतरने वाले भारतीय अमेरिकियों को समर्थन और धन मुहैया कराता है। अमेरिका में भारतीय मूल की पहली महिला उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतवंशियों से खचाखच भरे कक्ष में कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए। लेकिन फिर भी यह संख्या उनकी बढ़ती जनसंख्या के सही अनुपात को नहीं दर्शाती।

वर्तमान में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के पांच निर्वाचित सदस्य हैं, जिसमें डा. अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। अमेरिकन इंपैक्ट का मानना था कि 2024 में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी।



### नेपाल में विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों के बीच हाथापाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। सहकारी धोखाधड़ी के मामले में नेपाल के गृह मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ जांच समिति के गठन को लेकर नेपाली संसद के निचले सदन में विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों के बीच हाथापाई हो गई। गुरुवार शाम को स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब सदन के अध्यक्ष देवराज घिमिरे ने नेपाली कांग्रेस के विरोध के बीच नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री लामिछाने को मंच पर आमंत्रित किया और बैठक को संबोधित किया। नेपाली कांग्रेस के सांसद सहकारी धोखाधड़ी की जांच और पीड़ितों के लिए न्याय के लिए एक संसदीय समिति के गठन की मांग को लेकर नारे लगा रहे थे। हफ्तों से सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहे थे। कांग्रेस लाखों नेपाली रुपये की धोखाधड़ी में गृह मंत्री लामिछाने की संलिप्तता की जांच के लिए समिति बनाने की मांग कर रही है।

# फ्रांस से आजादी की मांग कर रहे न्यू कैलेडोनिया में आपातकाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■टिकटॉक पर भी प्रतिबंध, 10 लोगों को घर में किया गया नजरबंद

पेरिस। प्रशांत महासागर में स्थित न्यू कैलेडोनिया में हिंसा भड़कने के बाद फ्रांस ने बुधवार को 12 दिनों के लिए आपातकाल लगा दिया है। फ्रांस के प्रधानमंत्री एटल ने पेरिस में संसद को बताया कि आपातकाल लगाने का लक्ष्य जितनी जल्दी हो सके कानून व्यवस्था बहाल करना है। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने कहा कि आखिरी बार 1985 में ऐसे उपाय लागू किए थे। फ्रांस की सरकार ने हिंसा समाप्त करने का आह्वान किया है।

न्यू कैलेडोनिया में लोग फ्रांस से आजादी की मांग कर रहे हैं। फ्रांसीसी अधिकारियों ने कहा कि मतदान सुधारों के विरोध में सोमवार को हुई सशस्त्र झड़पों और अन्य हिंसा में अर्धसैनिक बल के एक कर्मी समेत चार लोगों की मौत हुई है और 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दंगाइयों ने कारों को आग लगा दी है और दुकानों को लूट लिया। अब तक 130 से अधिक गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

फ्रांस के प्रधानमंत्री गेब्रियल एटल ने न्यू कैलेडोनिया के समय के अनुसार गुरुवार सुबह पांच बजे आपातकाल की घोषणा की। कहा कि बंदरगाहों और हवाई अड्डों की सुरक्षा के लिए फ्रांसीसी सैन्य बलों को तैनात किया जा रहा है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, 10 लोगों को घर में नजरबंद किया गया है। टिक टॉक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

गृह मंत्रालय ने कहा कि द्वीपसमूह पर 1,800 पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बल के कर्मी पहले से ही मौजूद हैं। कुछ ही घंटों में 500 अतिरिक्त कर्मियों के आने की उम्मीद है। क्षेत्र के शीर्ष फ्रांसीसी अधिकारी, उच्चायुक्त लुईस ले. फ्रैंक ने चेतावनी दी कि स्थिति बहुत गंभीर है। शांति बहाल नहीं की गई तो कई लोगों की मौत होने की आशंका है।

फ्रांस के गृहमंत्री आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जिन दर्जनों जगहों पर हमला किया गया और गोलीबारी की गई, उनमें एक पुलिस स्टेशन भी शामिल था। अर्धसैनिक बल के एक कर्मी की भी मौत हुई है।

### यूक्रेन का जवाबी हमला, सेवस्तोपोल में रूस के तीन जेट किए धराशायी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन ने रूस के तीन जेट को मार गिराया है, इनमें मिग-31 भी शामिल है। सीएनएन ने सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों के आधार पर दावा किया है कि सेवस्तोपोल के बंदरगाह में बेलबेक एयरबेस पर तीन नष्ट हुए रूसी जेट और क्षतिग्रस्त इमारतें दिखी हैं। क्रीमिया में सेवस्तोपोल पर यूक्रेन की ओर से हमले के दो दिनों बाद ये नुकसान हुआ है। इस शहर पर 2014 में रूस ने कब्जा कर लिया था। अमेरिकी सैटेलाइट इमेजिंग कंपनी ब्लैकस्काई और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी फर्म मैक्सार द्वारा ली गई तस्वीरों में बेलबेक में मुख्य फ्लाइट लाइन पर दो जेट विमानों को जलते हुए देखा जा सकता है। एक और विमान को सुरक्षात्मक तटबंध पर खड़ा देखा जा सकता है। तस्वीरों में एक नष्ट हुई इमारत और एक क्षतिग्रस्त बिल्डिंग भी दिखाई दे रही है। सेवस्तोपोल में रूस की ओर से नियुक्त गवर्नर मिखाइल रज्वोजेव ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर कहा कि रूसियों ने सेवस्तोपोल पर दुश्मन के बड़े हमले को सफलतापूर्वक विफल किया है।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# 25 मई से शुरू होगी हेमकुंड साहिब और लोकपाल की यात्रा

**जायजा**

## डीएम ने 18 किलोमीटर पैदल चलकर हेमकुंड यात्रा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**संवाददाता**



चमोली। श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू होने से पहले जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने विभागीय अधिकारियों के साथ गोविंद घाट गुरुद्वारा से हेमकुंड साहिब तक 18 किलोमीटर पैदल चलकर यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेमकुंड साहिब की यात्रा को सुगम और सुखद बनाने के लिए यात्रा से पहले पैदल मार्ग पर सभी व्यवस्थाओं को सुचारू किया जाए। श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर की यात्रा इस साल 25 मई से शुरू होगी। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के आसपास अभी भी करीब 08 फीट बर्फ है। यहां लक्ष्मण मंदिर व हेमकुंड सरोवर भी पूरी तरह से बर्फ से ढका हुआ है। हालांकि सेना के जवानों ने हेमकुंड साहिब मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पैदल यात्रा मार्ग पर मोड सुधारीकरण, रेलिंग, पार्किंग, घोडा पडाव तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, यात्री शेड, बेंच, साइनेज सहित बिजली–पानी, शौचालय, साफ सफाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की जाए। घोड़े–खच्चरों के लिए भी गर्म पानी की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाओं को सुचारू करें। यात्रा मार्ग पर किलोमीटर, हेक्टोमीटर स्टोन और साइनेज लगाए जाए। जल संस्थान को यात्रा मार्ग पर सभी स्टैंड पोस्टों और वाटर एटीएम में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने इको विकास समिति को पुलना, भ्यूंडार, जंगल चट्टी, घांघरिया, अटलाकोटी में निर्मित नए शौचालयों में रंगरोगन और यात्रा मार्ग पर सभी सुलभ शौचालयों में बिजली, पानी सहित यात्रा मार्ग पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। पुलिस विभाग को यात्रा के दौरान सुरक्षा के सभी इंतजाम करने, एसडीआरएफ के साथ डीडीआरएफ जवानों की भी तैनाती करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने घांघरिया हेलीपैड, थाना, चौकी, अस्पताल सहित यात्रा से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्री हेमकुंड साहिब, लोकपाल मंदिर और वैली ऑफ फ्लावर की यात्रा को सुखद बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर लोनिवि ने 84 डेंजर मोडों में से 72 मोडो का सुधारीकरण कार्य पूर्ण हो गया है और शेष कार्य प्रगति पर है। सेना के जवानों द्वारा हेमकुंड साहिब मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी गई है। म्यून्डार गांव में 165 मीटर लंबा पुल बनकर तैयार है।

## न्यूज डायरी

### प्रशासन की ओर से वितरित किए गए 2500 फूड पैकेट एवं पानी की बोतलें

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा श्री केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को देश–विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं तथा केदारनाथ धाम में कपाट खुलने से लेकर अब तक श्रद्धालुओं का भारी संख्या में आना जारी है। पहले सप्ताह में ही केदारनाथ धाम में 1 लाख, 83 हजार, 677 श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर लिए हैं जो एक नया कीर्तिमान है। दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों जो जाम में फंस रहे हैं, इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में इन यात्रियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें आज जिला प्रशासन की ओर से ब्यूंगगाड़, फाटा, जामू आदि क्षेत्रों में जाम में फंसे 2500 श्रदालुओं को जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल एवं सेक्टर अधिकारी फाटा नरेंद्र कुमार एवं उनकी टीम द्वारा तीर्थ यात्रियों को उनकी गाड़ियों में जाकर फूड पैकेट एवं पानी की बोतलें वितरित की गई।

### दो प्लास्टिक वेंडिंग मशीन यात्रा मार्ग पर की गई स्थापित

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। प्लास्टिक फ्री श्री केदारनाथ धाम की मुहीम के अंतर्गत जिला प्रशासन ने निजी संस्था के सहयोग से इस बार यात्रा मार्ग पर दो प्लास्टिक वेंडिंग मशीन स्थापित की हैं। एक मशीन गौरीकुंड जबकि दूसरी केदारनाथ धाम परिसर में स्थापित की गई है। इस मशीन में यात्री अपनी क्यूआर कोड वाली बोतल जमा कर दस रुपये रिफंड प्राप्त कर सकते हैं। यह रिफंड डिजिटल माध्यम से यूपीआई के जरिये प्राप्त हो सकेगा। श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में स्वच्छता बनाने एवं पर्यावरण की दृष्टि से जिला प्रशासन की ओर से अभिनव पहल की गई है। दरसअल, यहां पर यात्रा मार्ग में दो स्थानों पर प्लास्टिक वेंडिंग मशीन स्थापित की गई है। गत वर्ष ट्रायल के रूप में एक मशीन धाम के यात्रा मार्ग पर लगाई गई थी जिसे अब आगे बढ़ाते हुए यात्रा मार्ग पर इस बार दो प्लास्टिक वेंडिंग मशीन लगाई गई हैं। उपजिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला ने बताया कि गौरीकुंड के अलावा केदारनाथ धाम परिसर में यह मशीनें लगाई गई हैं।

### आईएफसी ने एचडीएफसी बैंक को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण

**संवाददाता** देहरादून। महिलाओं, विशेष रूप से अर्ध–शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सूक्ष्म ऋण उधारकर्ताओं को भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक को 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक के आईएफसी वित्तपोषण के साथ वित्त तक पहुंच करने में सहायता होगी। इसका लक्ष्य देश में वित्तीय समावेशन और सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, आय सृजन उद्देश्यों के लिए ऋण देने में सहायता करना है।

# मां–पिता से बिछड़े बच्चे पुलिस सहायता से मिले

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जनपद रुद्रप्रयाग में स्थित श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा, भक्ति का प्रतीक श्री केदारनाथ ज्योतिर्लिंग भोलेनाथ महाकाल शिव के 12 जाग्रत स्वरुपों में से एक है, जो स्वंय में गहरे अध्यात्म को समेटे हुए है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन करके पुण्य के भागी बनते हैं। इस वर्ष भी दिनांक 10.05.2024 से कपाट खुलने के उपरान्त से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन श्री केदारनाथ धाम में हो रहा है। केदारनाथ धाम तकरीबन 18 किमी की दूरी पर स्थित है,गौरीकुण्ड से यहां तक पहुंचने हेतु श्रद्धालु पैदल, घोड़ा–खच्चर या डण्डी–कण्डी की सहायता लेते हैं। इतने लम्बे ट्रैक पर चलते हुए श्रद्धालु या उनके परिजन आपस में बिछड़ जाते हैं। किसी नये व भौगोलिक परिस्थिति से विषम स्थान पर बिछड़ जाने की दशा में श्रद्धालुओ को काफी समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है।

जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस द्वारा यात्रा में बिछड़े परिवारों व श्रद्धालुओ को मिलवाने हेतु ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके तहत न केवल भटके बिछड़े लोगों को आपस में मिलवाया जा रहा है, अपितु श्रद्धालुओं की खोई हुई सामग्री को ढूंढकर भी उनको वापस कराया जा रहा है। श्री केदारनाथ धाम सहित सम्पूर्ण यात्रा मार्गों पर जनपद पुलिस के स्तर से "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत श्रद्धालुओं की निरन्तर मदद की जा रही है।



## मोरी में सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापनं

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला के एक निजी इंटर कालेज के शिक्षक के द्वारा अपनी ही शिष्या के साथ दुष्कर्म करने को लेकर विकासखण्ड मोरी में क्षेत्रिय लोगों के द्वारा शुक्रवार को मुख्य बाजार में प्रदर्शन कर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आरोपित शिक्षक को फांसी की सजा सहित पीड़ित परिवार को सुरक्षा व्यवस्था व पीड़िता को उचित मुआवजा देने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सोमवार सायं को एक शिक्षक ने अपनी ही शिष्या के साथ दुष्कर्म किया। मामला नगर पुरोला के अंतर्गत एक निजी इंटर कॉलेज का है जहां शिक्षक ने अपने ही विद्यालय की दसवीं कक्षा की एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को सोमवार सायं अपनें कमरे में बुलाकर हवस का शिकार बना दिया। तहरीर के आधार पर थानाध्यक्ष मोहन कठैत के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# भारी संख्या में निजी एवं सार्वजानिक वाहनों से पहुंचे श्रद्धालु

**संवाददाता**

### श्रद्धालुओं की संख्या दो लाख के करीब पहुंच गयी

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम यात्रा 2024 कपाट खुलने के सातवें दिन केदारपुरी में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दो लाख के करीब पहुंच गयी है। बीती शाम तक 1,83,677 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यह शायद पहली दफा होगा जब पहले सात दिनों में इतनी बड़ी संख्या में भक्त बाबा केदारनाथ के दर्शनों को यहां पहुंचे हैं। बीते दिन सुबह से ही यातायात को लेकर चुनौतीपूर्ण रहा। भारी संख्या में यात्री निजी एवं सार्वजानिक वाहनों से जनपद में पहुंचे।

यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ाव फाटा से लेकर सीतापुर एवं सोनप्रयाग तक कुछ स्थानों पर सिंगल लेन और बॉटल नेक होने के चलते यातायात सुचारू रूप से चलाने के लिए पुलिस बल ने रोस्टर के हिसाब से बारी–बारी से दोनों तरफ से ट्रैफिक संचालन की व्यवस्था बनाई है, लेकिन अपनी मंजिल तक पहुंचने की जल्दी में कई श्रद्धालु यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए यातायात व्यवस्था बाधित कर रहे हैं। ऐसे में न केवल यातायात नियमों का पालन कर रहे यात्री परेशान हो रहे हैं बल्कि पूरी यात्रा प्रभावित हो रही है। अचानक पैदा हुई स्थिति को काबू में करने के लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए सभी अधिकारी–कर्मचारियों को फील्ड में उतारते हुए जाम की स्थिति पर काबू पाया। देर रात जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल के साथ स्वयं मौके पर पहुँचकर कुंड से सोनप्रयाग तक यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए बाधित यातायात को सुचारू करवाया।

इससे पहले पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल खुद मौके पर गुप्तकाशी, फाटा, शेरसी, बड़ासू से लेकर सोन प्रयाग के बीच यातायात सुचारू करने में जुटे रहे। यात्रियों ने पुलिस एवं प्रशासन के मैनेजमेंट की तारीफ करते हुए कहा कि जाम से जल्दी राहत मिलना बड़ी राहत की बात है।

### भगवान शिव की महिमा का वर्णन अब आस्था पथ से भी दिखेगा

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 11वें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ में दर्शन को देश–दुनियां से पहुँच रहे श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा का वर्णन अब आस्था पथ से भी दिखेगा। जिला प्रशासन की पहल पर जिला पर्यटन विभाग के माध्यम से केदारपुरी में एलसीडी टीवी लगवाए गए हैं। 50 इंच के 10 एलसीडी टीवी आस्था पथ पर लगाए गए हैं। आस्था पथ पर बाबा केदारनाथ के दर्शनों का इंतजार कर रहे हैं श्रद्धालुओं को इन एलसीडी टीवी पर बाबा केदारनाथ जी के लाइव दर्शन होंगे इसके साथ ही भगवान शिव की कथाएं एवं महिमाओं का दर्शन भी इस पर होगा। इसके अलावा टीवी पर स्वास्थ्य एवं यात्रा से जुड़ी गाइडलाइंस भी प्रसारित की जाएंगी।

*अगर भरोसा ऊपर वाले पर है तो जो लिखा तकदीर में है वही पाओगे, मगर भरोसा अगर खुद पर है तो वो वही लिखेगा जो आप चाहोगे। –अज्ञात*

विचार-प्रवाह देहरादून, शनिवार, 18 मई 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# समर्थन की उम्मीद

**मुकाबले में बने रहने के लिए टेस्ला ने अपनी कीमतें भी घटाई हैं। लेकिन, चीनी कंपनियों को पीछे छोड़ने के लिए अब टेस्ला को सेल्फ ड्राइविंग की तरफ बढ़ना होगा। इसके लिए जरूरी है कि वह चीनी सरकार से अपने लिए समर्थन हासिल करे।**

गुलशन राय खत्री।।

टेस्ला के सीईओ ईलॉन मस्क का अचानक चीन जाना बहुतों को हैरान कर सकता है। इसकी एक वजह यह भी है कि भारत की घोषित यात्रा स्थगित करने के एक सप्ताह के अंदर चीन की यह अघोषित यात्रा हुई है। लेकिन, अगर मस्क की नजर से देखें तो यह एक कारोबारी की ऐसे मुल्क की यात्रा है, जहां उसे अपने डगमगाते व्यापार को संभालना है और जो उसकी कंपनी के लिए बड़ा बाजार रहा है।

पेइचिंग में मस्क ने चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह चीन के साथ सहयोग को बढ़ाना चाहते हैं। बदले में कियांग ने भरोसा दिया कि उनका बाजार विदेशी कंपनियों के लिए हमेशा खुला रहेगा। मस्क के अपने बिजनेस के लिए यह टेक्नॉलजी और चीन का बाजार, दोनों बेहद महत्वपूर्ण हैं। चीन इस समय इलेक्ट्रिक वीइकल का सबसे बड़ा मार्केट है और टेस्ला को चीनी कंपनियां से भरपूर टक्कर मिल रही है। मुकाबले में बने रहने के लिए टेस्ला ने अपनी कीमतें भी घटाई हैं। लेकिन, चीनी



कंपनियों को पीछे छोड़ने के लिए अब टेस्ला को सेल्फ ड्राइविंग की तरफ बढ़ना होगा। इसके लिए जरूरी है कि वह चीनी सरकार से अपने लिए समर्थन हासिल करे। कोई औपचारिक घोषणा तो नहीं हुई है लेकिन मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि दोनों पक्षों में इस पर कोई महत्वपूर्ण सहमति बनी है।

मस्क की यह चीन यात्रा ऐसे समय हुई है जब चीन और अमेरिका के रिश्ते अच्छे नहीं चल रहे। बीते दिनों ही अमेरिका ने टिकटॉक की चीनी पैरंट कंपनी को जो अल्टिमेटम दिया है, उससे उस पर बैन का खतरा मंडराने लगा है। यूक्रेन–रूस युद्ध समेत तमाम बड़े मसलों पर दोनों देश विपरीत खेमों में खड़े नजर आ रहे हैं।

टेस्ला के लिए चीन के महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। संभवतः इसीलिए मस्क पर आरोप लगते रहे हैं कि पेइचिंग को लेकर उनका रवैया दोहरा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो पैमाना उन्होंने बाकी दुनिया के लिए बनाया है, उससे चीन को छूट दे दी है। हाल ही में एक्स पर फ्री स्पीच को लेकर वह ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट से टकरा गए। तब सवाल उठा कि मस्क को चीन नजर क्यों नहीं आता, जहां अभिव्यक्ति की आजादी जैसी कोई चीज नहीं।

मस्क एक चतुर कारोबारी हैं। हिंदुस्तान में उन्हें एक बड़ा बाजार नजर आ रहा है, जहां म्ट के लिए अपार संभावनाएं हैं। टेस्ला अरसे से कोशिश में है कि भारत में उसकी एंट्री हो जाए, लेकिन चीन की तुलना में भारतीय म्ट बाजार छोटा है। इसलिए भले ही अभी मस्क चीन में अपने कारोबार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए भारतीय बाजार की भविष्य की संभावनाओं की अनदेखी करना संभव नहीं होगा।

## धर्म और न्याय

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** धर्म और न्याय के प्रति उसके हृदय में सभी प्रेरणा नहीं होती थी और न वह किसी प्रकार का आततायीपन करने में हिचकता थाद्य उसका बचपन बड़ी ही कठिनाइयों के बीता था। उसके पैदा होने के समय द्रोणाचार्य बहुत निर्धन थेद्य उनके पास अपनी पत्नी और बालक के पालन–पोषण के लिए भी पर्याप्त धन नहीं था। दूध के लिए एक गाय तक नहीं थी। एक दिन अश्वत्थामा बहुत भूखा था। उसने अपनी मां कृपी से दूध मांगा। कृपी बालक की हठ देखकर दुखी होने लगी और वह उसको किसी तरह से बहलाने–पुचकारने लगी। लेकिन अश्वत्थामा हठ पकड़ गया। अंत में कृपी ने चावल धोकर सफेद पानी बालक को पीने के लिए दे दिया। अश्वत्थामा यह जानता ही नहीं था की दूध और पानी में क्या अंतर होता है।

...शेष कल

# संपादकीय

## दायरा हो व्यापक

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले के साथ–साथ सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर नजर डालें तो जाहिर होता है मौजूदा कानून अवैध करोबार पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया है, लेकिन लोगों के जीवन को बचाना भी उतना ही जरूरी है। ऐसे में अदालती फैसलों की भावनाओं के अनुरूप बदलती सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए नजदीकी रिश्तेदार की परिभाषा को व्यापक किया जाना चाहिए। साथ ही, ऑर्गन बैंक बनाने की भी दरकार है ताकि कानूनी दायरे में ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सके और अंगों के अवैध कारोबार पर भी अंकुश लगा रहे। विदेश में सात–सात दिन तक बॉडी को सुरक्षित रखा जाता है ताकि परिवार की सहमति लेकर ऑर्गन बचाए जा सकें और जरूरतमंदों की मदद के वास्ते उन्हें आर्गन बैंक में रखा जा सके। हजारों लोग हमारे यहां सड़क हादसे में अपनी जान गंवा देते हैं। समय रहते अगर व्यवस्था की जाए तो सड़क हादसे में जान गंवा चुके लोगों की किडनी और दूसरे अंगों का इस्तेमाल अन्य लोगों की जान बचाने और मदद के लिए किया जा सकता है।


ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन अ०र्गन एंड टिसू एक्ट 1994 के तहत ऑर्गन डोनेशन के लिए नियम तय किए गए हैं। इस कानून की धारा-9 नजदीकी रिश्तेदार द्वारा लिवर डोनेशन की इजाजत देती है।

# अस्पतालों का रुख

राजेश चौधरी।।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में हाल ही में कहा कि अपने भाई को किडनी डोनेट करना हो तो महिला के लिए पति की इजाजत लेना जरूरी नहीं है। दरअसल, अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में कहा था कि किडनी डोनेट करने से पहले महिला को पति से एनओसी लेना होगा।

किडनी या अन्य अंग डोनेट करने को लेकर कानूनी प्रावधान बने हुए हैं। लेकिन जब कोई महिला अपने भाई या बहन को अंग डोनेट करना चाहती है तो अस्पताल प्रशासन उसे अपने लाइफ पार्टनर से अनुमति लेने को कहता है। दिलचस्प है कि जब महिला अपने पति को ऑर्गन डोनेट करती है, तब कोई सवाल नहीं उठता। सवाल तभी उठता है जब महिला अपने ब्लड रिलेशन वाली फैमिली में ऑर्गन डोनेट करना चाहती है। इस लिहाज से मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का फैसला काफी अहम माना जा रहा है। ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन एंड टिसू एक्ट 1994 के तहत ऑर्गन डोनेशन के लिए नियम तय किए गए हैं। इस कानून की धारा–9 नजदीकी रिश्तेदार द्वारा लिवर डोनेशन की इजाजत देती है। नजदीकी रिश्तेदारों में पति, पत्नी के अलावा बेटा, बेटी, पिता, माता, भाई, बहन, दादा, दादी, पोता और पोती को रखा गया



है। यानी ये सब एक–दूसरे को लिवर डोनेट कर सकते हैं। इस कैटिगरी में कजन को नहीं रखा गया है। मौजूदा दौर में सिंगल पैरंटिंग के काफी मामले दिखते हैं। बहुत से कपल सिर्फ एक बच्चा पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में पैदा होने और पलने–बढ़ने वाले बच्चे को अगर किसी विशेष परिस्थिति में किसी ऑर्गन की जरूरत पड़ जाए तो उसके लिए संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। क्योंकि ऐसे बच्चों को न भाई होते हैं और न बहन। जो नियम है उसमें कजन को ऑर्गन देने या लेने की इजाजत नहीं है।

पिछले साल ऐसा एक मामला आने पर सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल के कजन के लिए लिवर डोनेट करने की इजाजत दी थी। तीन साल के बच्चे की जिंदगी बचाने और कानून के शब्दों पर सख्ती से अमल करने के बीच कोई एक विकल्प चुनना था और कोर्ट ने जिंदगी बचाने का विकल्प चुना। उस मामले में 31 साल के डोनर और उसके 3 साल के कजन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर लिवर ट्रांसप्लांटेशन की इजाजत मांगी गई थी।

इसी तरह 12 साल पहले दिल्ली हाई कोर्ट में एक ऐसा मामला सामने आया था, जब किडनी लेने और देने वालों के बीच कोई रिश्ता नहीं था। 2012 के उस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महिला की अर्जी का निपटारा करते हुए कहा था कि प्यार और स्नेह के आधार पर किडनी डोनेशन किया जा सकता है। स्नेह और प्यार सिर्फ नजदीकी रिश्तेदारों से हो, यह जरूरी नहीं। कई बार यह दूर के रिश्तेदार से भी मिल सकता है। जो रिश्तेदार नहीं हैं उनसे भी स्नेह मिल सकता है।

ऑर्गन ट्रांसप्लांट इन इंडिया विषय पर रिसर्च कर चुकी अंजू वली टिक्कू का मानना है कि देश भर में हर साल एक लाख लोगों को किडनी की जरूरत पड़ती है। इनमें सिर्फ पांच फीसदी को वैध तरीके से किडनी मिल पाती है। यानी किडनी की डिमांड काफी ज्यादा है, लेकिन उपलब्धता कम। भारत में विदेश की तर्ज पर ऑर्गन बैंक भी नहीं है।

इंडियन मेडिकल असोसिएशन एक्शन कमिटी के चेयरमैन विनय अग्रवाल बताते हैं कि कानून का उद्देश्य अवैध कारोबार को रोकना है, लेकिन जरूरी यह भी है कि जरूरतमंदों को ऑर्गन मिले और अमूल्य जीवन बचाया जा सके।

### अष्टयोग-5084

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | | 2 | | |
| 5 | 35 | 3 | 27 | 1 | 28 | 7 |
| 7 | | 5 | | | 6 | |
| | 31 | | 37 | 7 | 34 | |
| | 3 | 6 | | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 27 | | 41 | 4 | 29 | |
| 4 | | 7 | | 6 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5083 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 6 | 35 | 6 | 30 | 1 | 32 | 7 |
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 29 | 2 | 31 | 4 | 31 | 5 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 3 | 29 | 4 | 40 | 5 | 34 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |

Jagranjosh.com, Bangalore

अपना ब्लॉग

## अब बात आस्था की

**मोहन।** 1947 से लेकर 2017 तक महज 12 मेडिकल कॉलेज से काम चलाने वाले 'बीमारू' राज्य में 35 सरकारी मेडिकल कॉलेज, 31 निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज और दो एम्स 'स्वस्थ उत्तर प्रदेश' की संकल्पना को साकार कर रहे हैं। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में हुए कायाकल्प की कहानी हर गांव और मोहल्ले में सुनी जा सकती है। दंगा प्रदेश के नाम से कुख्यात राज्य में पिछले सात साल में एक भी दंगा नहीं हुआ। हां, 194 से अधिक अपराधी जरूर ढेर हो गए। इतना ही नहीं कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये 24,743 से अधिक अपराधियों को सजा भी दिलायी गई। अपराधियों की 124 अरब, 4 करोड़ 18 लाख, 52 हजार रुपए से अधिक की अवैधानिक चल–अचल संपत्तियां जब्त हुईं। यही कारण है सुरक्षा और सुविधा के बढ़ते ग्राफ के कारण यूपी में विगत एक साल में 44 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जो अबतक का रिकॉर्ड है। अब बात आस्था की। अयोध्या में बने नव्य–भव्य–दिव्य राम मंदिर की गूंज से हर घर राममय है। आलम तो ये है कि कभी कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले और राम को काल्पनिक बताने वाले सियासी दल आज 'प्रभु राम तो सबके हैं' का बयान देकर खुद को भी रामभक्त साबित करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं।





## जयदीप अहलावत ने तैमूर के संस्कार और अदब की जमकर की तारीफ

करीना कपूर और सैफ अली खान के लाडले तैमूर को ट्रोल्स अक्सर ही टारगेट करते आए हैं। यहां तक कि पपाराजी द्वारा कैप्चर किए गए तैमूर के वीडियोज पर भी काफी नेगेटिव कमेंट्स आते हैं। कई बार तो रितेश देशमुख के बच्चों के साथ तैमूर की तुलना करते हुए उसके संस्कार और परवरिश पर भी सवाल उठाए गए हैं। वैसे कई बार तैमूर को पब्लिकली पापा सैफ पर गुस्सा करते या पपाराजी पर गुस्सा करते देखा गया, लेकिन असल में वह बहुत तेज हैं और तमीजदार भी। एक्टर जयदीप अहलावत ने एक इंटरव्यू में तैमूर के संस्कारों और सैफ–करीना की पेरेंटिंग की तारीफ की। सैफ–करीना एक सिलेब्रिटी कपल होते हुए भी बच्चों की न सिर्फ ढंग से परवरिश कर रहे हैं, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार भी दिए हैं। जयदीप अहलावत ने तैमूर पहली मुलाकात का किस्सा सुनाया। एक्टर ने बताया कि वह तैमूर के संस्कार और एकदम अनुशासित व्यवहार देख हैरान रह गए। जयदीप ने बताया, शूट पर करीना और सैफ के बच्चे आए भी थे। तैमूर को बड़ा स्पेशल जिज्ञासु बच्चा है। उसको खूब सवाल पूछने होते हैं कि ये क्या है. ..इसमें क्या हो रहा है? आप क्या प्ले करोगे? आपको समझ नहीं आता है कि आप एक्सप्लेन कैसे करोगे? आप उसे क्या बताओगे कि मैं क्या प्ले कर रहा हूं? फिर सैफ सर ने तैमूर से कहा कि पता है तुम्हें ये मम्मा की फिल्म में मेन हीरो हैं? तो इस पर तैमूर बोला– ओह, ओके। ऑल द बेस्ट। वो ऑल द बेस्ट बोलकर चला गया...बड़े स्टाइल में, एकदम प्रोफेशनल।

## सहारा श्री सुब्रत रॉय की कहानी लेकर आ रहे हंसल मेहता

स्कैम 1992 और स्कैम 2003श् की जबरदस्त सफलता के बाद अब दिग्गज डायरेक्टर हंसल मेहता सीरीज के तीसरे सीजन के साथ तैयार हैं। इस बार वह ओटीटी की दुनिया में सुब्रत रॉय की कहानी लेकर आए हैं। उन्होंने स्कैम के नए सीजन स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा का ऐलान कर दिया है। हंसल मेहता ने एक टाइटर टीजर शेयर करते हुए लिखा है, वापस आ गया है! स्कैम 2010: द सुब्रत रॉय सागा, जल्द ही सोनी लिव पर आ रहा है। दिलचस्प है कि इस सीजन का डायरेक्शन भी हंसल मेहता खुद ही करने वाले हैं। सुब्रत रॉय देश की उन शख्सियतों में से हैं, जो 90 के दशक में भारत के सबसे मशहूर बिजनसमैन कहे जा सकते हैं। वह सहारा समूह के के संस्थापक थे। यह वह दौर था जब सहारा का कारोबार चिटफंड से लेकर हवाई जहाज और टीम इंडिया की स्पॉन्सरशिप से लेकर न्यूज मीडिया तक फैला हुआ था। साल 2014 में 10,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि नहीं चुकाने के कारण सुब्रत रॉय को जेल में डाल दिया गया।

## कान में अब लहराएगा भोजपुरी भाषा का परचम





सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू, कान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर पहली बार भोजपुरी भाषा का प्रतिनिधित्व करते नजर आने वाले हैं। वे भोजपुरी के पहले ऐसे स्टार हो गये हैं, जो इंटरनेशनल फिल्म फटरनिटी के अपना जलवा बिखेरते नजर आयेंगे। मालूम हो कि यह फिल्म फेस्टिवल हर साल फ्रांस के कान शहर में आयोजित किया जाता है, जो फिल्म उद्योग का एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इस आयोजन में शामिल होकर भोजपुरी भाषा को गौरवान्वित करने का सौभाग्य भोजपुरी के एक्टर प्रदीप पांडेय चिंटू को मिल रहा है, जिससे वे खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने कहा कि कान फिल्म महोत्सव में कई फिल्में दिखाई जाती हैं, जैसे कि सिनेमा की कई विधाओं में फीचर फिल्में, डॉक्यूमेंट्री, और काफी कुछ। इसमें हॉलीवुड, बॉलीवुड से ले कर पूरी दुनिया से फिल्मस्टार, निर्माता, निर्देशक और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग शामिल होते हैं। पहली बार इस आयोजन में भोजपुरी भाषा को शामिल किया गया, जिसके नेतृत्व का सौभग्य मुझे मिला है। यह मेरे लिए गर्व कि बात है कि इंटरनेशनल फिल्म समुदाय के सामने मैं आपनी माटी की भाषा का प्रतिनिधित्व करूंगा। ऐसा पहली बार हो रहा है ,इसलिए भी यह मेरे लिए काफी अहम है।

# मनोज बाजपेयी को किया 4 बार किया था रिजेक्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को समृद्ध करने वाले कलाकारों में एक्टर मनोज बाजपेयी का नाम आज बहुत सम्मान से लिया जाता है। सत्या, गैंग्स ऑफ वासेपुर, शूल, एक बंदा काफी है जैसी फिल्मों में यादगार किरदार निभाने वाले मनोज बाजपेयी जल्द ही अपनी 100वीं फिल्म भैय्या जी लेकर आ रहे हैं। लेकिन एक दौर वो भी था, जब देश के चर्चित एक्टिंग स्कूल नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा ने मनोज का एक्टर बनने का सपना लगभग तोड़ ही दिया था। दरअसल, एनएसडी ने मनोज को एक–दो नहीं बल्कि चार बार ऑडिशन में रिजेक्ट कर दिया था, जिसकी वजह से वह बहुत निराश हो गए थे। हालांकि, अपनी बाद में एनएसडी को अपनी गलती का अहसास भी हुआ और उन्होंने अपने ऑडिशन का तरीका ही बदल दिया।*

### एनएसडी को बदलना पड़ा पूरा सिस्टम

इस वाकये के बारे में मनोज बाजपेयी कहते हैं, जब पहली बार मुझे रिजेक्ट किया गया तो वह बहुत दिल तोड़ने वाली घटना थी, लेकिन मैं उसके बाद लगातार काम करता चला गया। हर रिजेक्शन के बाद मेरा इरादा और पक्का होता चला गया कि मुझे और ज्यादा मेहनत करनी है, ताकि अगली बार सिलेक्ट हो जाऊं और इस चक्कर में मैं इतना ज्यादा काम सीख गया कि जब चौथी बार रिजेक्ट हुआ, तब तक मैं दिल्ली रंगमंच में एक नाम हो चुका था।

### एनएसडी के लोग मुझे बहुत प्यार देते हैं

क्या एनएसडी ने कभी अपनी इस गलती पर अफसोस जताया?



यह पूछने पर मनोज बाजपेयी बताते हैं, एनएसडी के लोग मुझे बहुत प्यार देते हैं। वह हमेशा बोलते हैं कि पता नहीं ये कैसे हुआ? उनको भी समझ में नहीं आता है कि ऐसा कैसे हुआ? असल में, जिस तरह से ये इंटरव्यू और ऑडिशन होते हैं, वह अंधेरे में तीर मारने वाली बात है क्योंकि किसी को दस लाइन की एक्टिंग कराकर ये जांच लेना कि वह कैसा ऐक्टर है, यह बहुत मुश्किल काम है। लेकिन अच्छी बात यह है कि मेरी घटना के बाद उन्होंने पूरा सिस्टम बदल दिया। अब वे बाकायदा पांच–सात दिन का वर्कशॉप करते हैं, फिर पूरा जांच–परख कर चुनाव करते हैं।

### 30 साल पहले ऐसे शुरू हुआ था करियर

साल 1994 में गोविंद निहलानी की श्द्रोहकालश में एक मिनट के रोल में बाद, मनोज बाजपेयी को बायोग्राफिकल ड्रामा बैंडिट क्वीन (1994) फिल्म मिली। कास्टिंग डायरेक्टर तिग्मांशु धूलिया ने मनोज का नाम डायरेक्टर शेखर कपूर को सुझाया था। उस दौर में मनोज टीवी सीरीज कलाकार में भी काम कर रहे थे, जिसका डायरेक्शन हंसल मेहता ने किया था। मनोज ने दस्तक, तमन्ना, दौड़ और सत्या जैसी फिल्में कीं, लेकिन उन्हें अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर से जबरदस्त पॉप्युलैरिटी मिली। वेब सीरीज द फैमिली मैन ने उनकी इस पॉप्युलैरिटी में और भी ज्यादा इजाफा कर दिया।

### मनोज बाजपेयी के अपकमिंग प्रोजेक्ट

30 साल के अपने करियर में मनोज इस साल साइलेंस 2 और किलर सूप में नजर आए। ये ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो चुकी है। भैय्या जी के अलावा उनके पास डिस्पैच और द फेबल है।

# पुष्पा 2 को रिलीज से पहले बड़ा झटका

*पुष्पा 2 द रूल को रिलीज से 90 दिन पहले बड़ा झटका लगा है। चर्चा है कि एडिटर एंटनी रूबेन ने फिल्म छोड़ दी है। आखिरी वक्त में क्रू में हुए इस बदलाव से फिल्म के पोस्टपोन होने की चर्चा भी शुरू हो गई है, हालांकि पुष्पा 2 की टीम का कहना है कि अल्लू अर्जुन की यह फिल्म 15 अगस्त को ही रिलीज होगी।*



### पुष्पा 2 को अब नवीन नूली करेंगे एडिट?

जाहिर तौर पर, रूबेन के जाने के बाद डायरेक्टर सुकुमार और अल्लू अर्जुन की मुश्किलें थोड़ी बढ़ेंगी। कोई भी फिल्म कितनी अच्छी बनती है, आखिर में इसका सबसे बड़ा जिम्मा उसके एडिटर का ही होता है। वही फिल्म से गैर जरूरी सीन्स को हटाता है और कहानी को पर्दे पर दमदार अंदाज में पेश करता है। समझा जा रहा है कि पुष्पा 2 की टीम अब राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एडिटर नवीन नूली को साथ लाने की तैयारी में है।

### नवीन नूली का सुकुमार और अल्लू अर्जुन से पुराना नाता

नवीन ने इससे पहले सुकुमार के साथ जूनियर एनटीआर की नन्नाकु प्रेमथो (2016) और राम चरण स्टारर रंगस्थलम (2018) में काम किया है। उन्होंने ही अल्लू अर्जुन की 2020 में रिलीज तेलुगू ब्लॉकबस्टर अला वैकुंठपुर्मुलु का संपादन किया है। वैसे नवीन नूली के पास अभी पवन कल्याण की तेलुगू गैंगस्टर थ्रिलर, श्ओजीश भी है जो इसी साल सितंबर में रिलीज होने वाली है।

### पुष्पा 2 नहीं होगी पोस्टपोन! टीम ने कही ये बात

दूसरी ओर, इन तमाम चर्चाओं के बीच पुष्पा 2 की टीम से जुड़े लोगों को बताया है कि फिल्म की रिलीज तय समय से ही होगी। इसमें कहा गया है कि फिल्म का काम अपनी रफ्तार से जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है, अल्लू अर्जुन इस महीने फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगे और जून तक बाकी शूटिंग पूरी कर ली जाएगी। इसलिए फिल्म में देरी होने की कोई संभावना नहीं है।

### एंटनी रूबेन के फिल्म छोड़ने पर चुप्पी

वैसे, दिलचस्प बात यह है कि एंटनी रूबेन के फिल्म छोड़ने को लेकर पुष्पा 2 की टीम ने कोई जवाब नहीं दिया है। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि एंटनी इस फिल्म का हिस्सा अब हैं या नहीं।

# मन में हर वक्त लगी रहती है बेचैनी और घबराहट?



**घबराहट के लिए अश्वगंधा**
विशेष रूप से गुणकारी यह जड़ी बूटी आयुर्वेदिक औषधियों में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाती है और तनाव को नियंत्रित कर सकती है और उससे राहत देती है। यह एगोराफोबिया नामक मानसिक स्थिति का उपचार करने में विशेष रूप से सक्षम है, जो भीड़–भाड़ वाली जगहों में उत्पन होने वाली चिंता की स्थिति है। इसके अलावा, यह घबराहट, पसीना आना, कांपना, दिल की धड़कन का तेज होना वगैरह जैसे बाकी लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि जिन लोगों ने रोजाना दो बार अश्वगंधा का सेवन किया, उनके स्ट्रेस स्कोर में 44: की उल्लेखनीय कमी देखी गई है।

*तनाव और चिंता को कम करने में योग और प्राणायाम बहुत प्रभावी हो सकते हैं। पेट से गहरी सांस लेना, वैकल्पिक रूप से नाक से सांस लेना और उज्जायी सांस जैसी तकनीकें मन को शांत करने, तंत्रिका तंत्र को शांत करने और आंतरिक शांति की भावना में वृद्धि करने में मदद करती हैं।*

**आपके हैप्पी हार्मोन को बढ़ाए शिलाजीत**
इस गुणकारी, आयुर्वेदिक जड़ी बूटी में फुल्विक एसिड नामक एक मौलिक सक्रिय तत्व पाया जाता है जो एंटीऑक्सीडेंट का एक प्रमुख स्रोत है। ऐसा माना जाता है कि तनाव और चिंता को कम करने सहित इसके अन्य कई स्वास्थ्य लाभ हैं। यह सेरोटोनिन (एक हार्मोन जो मनोस्थिति को नियंत्रित करने में मदद करता है) के उत्पादन में बढ़ोतरी कर अपना काम करता है। इसके अलावा, शिलाजीत को हार्मोन को संतुलित करने में मदद करने में उपयोगी पाया गया है जो महिलाओं की चिंता करनेऔर तनाव लेने संबंधी समस्याओं को कम कर सकता है। नियमित रूप से इस जड़ी बूटी का सेवन थकान को कम करने और बढ़िया नींद का अनुभव करने में मदद कर सकती है।

**शिरोधारा पंचकर्म चिकित्सा की ले सकते हैं सहायता**
'शिरोधारा' शब्द संस्कृत से उत्पन्न हुआ है जहां 'शिरो' का अर्थ है सिर और 'धारा' का अर्थ है प्रवाह। यह एक गहन आरामदायक आयुर्वेदिक उपचार तकनीक है जिसमें माथे पर गर्म तरल पदार्थ डालना शामिल है। गर्म तरल पदार्थ के रूप में आमतौर पर तेल, छाछ या पानी शामिल होता है। इसमें अक्सर शरीर, खोपड़ी या सिर की मालिश को एक साथ शामिल किया जाता है। सदियों से इस सुखद तकनीक का उपयोग मन को शांत करने, तनाव मुक्त करने और लंबे समय तक आराम करने की आदत में बढ़ोतरी करने के लिए किया जाता रहा है।

**योग और प्राणायाम**
नियमित योग अभ्यास के माध्यम से, लोग शरीर और मन संबंधी जागरूकता पैदा कर सकते हैं, अपनी सांस का अनुसरण कर उसे नियंत्रित करना सीख सकते हैं और शारीरिक और मानसिक तनाव को मुक्त कर सकते हैं। विशेष रूप से, हठ योग, पुनर्स्थापना योग और यिन योग जैसे अभ्यास तंत्रिका तंत्र को शांत करने और आराम करने की आदत में बढ़ोतरी करने के लिए फायदेमंद हैं।

# सुबह उठकर होता है उल्टी जैसा मन? इसे हल्के में न लें



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

*कई लोगों सुबह उठने के बाद अक्सर खाली पेट उल्टी जैसा मन महसूस होता है। इनमें से कुछ उल्टी होती है और कुछ को केवल महसूस होता है। अगर ऐसा कभी–कभार है तो यह सामान्य है। खाना डाइजेस्ट न होने के कारण हो सकता है। लेकिन यह समस्या किसी में रोजाना नजर आ रही है, तो इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। वैसे तो सुबह उल्टी महसूस होना कुछ महिलाओं में प्रेगनेंसी के कारण होता है। सामान्य लोगों में ऐसा रोजाना होना किसी शारीरिक समस्या, एंग्जायटी या पेट की किसी दिक्कत का संकेत हो सकता है। इसलिए इस पर समय रहते ध्‍यान देना जरूरी है। खाली पेट उल्टी आने के पीछे कई संभावित कारण हो सकते हैं, इस आर्टिकल में जानते हैं इसके बारे में।*

**लो ब्लड शुगर**
लंबे समय तक खाली पेट रहने कारण रक्त शर्करा का स्तर गिर सकता है, यानी कि जब ब्लड में शुगर का लेवल लो हो जाता है, तो ऐसे में चक्कर, कमजोरी और उल्टी महसूस होने लगती है। जिसे हाइपोग्लाइसीमिया भी कहते हैं।

**एंग्जायटी**
कुछ लोगों में एंग्जायटी यानी की तनाव और मानसिक चिंता भी पेट मतली और उल्टी का कारण बन सकता है। तनाव से आपका हार्मोनल तंत्र प्रभावित होता है और जिसका प्रभाव आपके आपके पाचन पर भी पड़ता है। जिससे आपको मतली और उल्टी का अनुभव हो सकता है।




**हाइपर एसिडिटी**
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार हाइपर एसिडिटी तब होती है जब पेट में एसिड की अत्यधिक मात्रा हो जाती है ,जिससे खाली पेट रहने पर उल्टी की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे लोगों को रात में गैस बनाने वाले फूड के सेवन से बचना चाहिए।

**गैस्ट्राइटिस**
पेट की अंदरूनी परत में सूजन होने की स्थिति को गैस्ट्राइटिस कहते हैं और ऐसे में खाली पेट रहने पर यह समस्या और भी बढ़ सकती है, ऐसे में कुछ लोगों में सुबह खाली पेट उल्टी महसूस होने जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**एसिड रिफ्लक्स डिजीज**
इस स्थिति में पेट का एसिड भोजन नली में वापस आ जाता है, जिसके कारण सुबह उठकर उल्टी महसूस हो सकती है। खाली पेट होने पर यह समस्या और भी बढ़ जाती है।




## काली पड़ जाती है पेशाब, चेहरा पीला कर देता है इसका संक्रमण

येलो फीवर एक गंभीर बीमारी है और वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। ईडीस ईजिप्टिआई (स्टीगोमिया फेसियाटा) मच्छर येलो फीवर का मुख्य वाहक है। इसके लक्षण आमतौर पर एक हफ्ते के अंदर दिखाई देते हैं, और हर व्यक्ति में अलग–अलग हो सकते हैं। कई लोगों में तो बिल्कुल भी लक्षण दिखाई नहीं देते। आम लक्षणों में बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द, भूख न लगना, उल्टी शामिल हैं। ज्यादातर मामलों में, ये लक्षण 3 से 4 दिनों में खत्म हो जाते हैं। येलो फीवर के कुछ मामलों में परेशानी बढ़ सकती है। शुरुआती लक्षणों से ठीक होने के 24 घंटों के अंदर मरीज को तेज बुखार वापस आ जाता है, और शरीर के कई अंग प्रभावित हो सकते हैं, खासकर लीवर और किडनी। इस गंभीर चरण में, मरीजों में पीलिया (आंखों और त्वचा का पीला पड़ना, इसी वजह से इस बीमारी को पीला बुखार कहते हैं), पेशाब का काला पड़ना, और पेट दर्द के साथ उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। मुंह, नाक, आंख या पेट से भी खून आ सकता है। गंभीर अवस्था में आने वाले मरीजों में से आधे 7 से 10 दिनों के अंदर मर जाते हैं। अफ्रीका से जुटाए गए आंकड़ों के आधार पर किए गए एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि साल 2013 में येलो बुखार के कारण लगभग 84,000 से 170,000 गंभीर मामले सामने आए थे, और 29,000 से 60,000 लोगों की मौत हुई थी।

## न पाउडर, न स्टेरॉयड कार्तिक ने इस देसी तरीके से बनाई तगड़ी बॉडी

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म चंदू चैंपियन का पहला पोस्टर जारी हुआ है। पोस्टर में कार्तिक को पहचानना मुश्किल हो रहा है और इसकी वजह है उनका गजब का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन। चंदू चैंपियन के पोस्टर ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। लंगोट पहने और दौड़ते हुए दिख रहे चंदू की एक–एक मसल्स अलग ही नजर आ रही है। उनके इस लुक को देखकर साफ नजर आ रहा है कि उन्होंने ऐसी तगड़ी बॉडी बनाने के लिए कितनी जीतोड़ मेहनत की होगी। अगर आप सोच रहे हैं कि उन्होंने ऐसी फाड़ू बॉडी पाने के लिए पाउडर या स्टेरॉयड का सहारा लिया है, तो आप गलत हैं। चलिए जानते हैं कि कार्तिक ने ऐसा गजब का ट्रांसफॉर्मेशन कैसे किया है और आपको ऐसी बॉडी बनाने के लिए क्या सबक लेने चाहिए। कार्तिक आर्यन ने कड़ी मेनहत और लगन के जरिये ऐसी धांसू बॉडी पाई है। उनके फिटनेस ट्रेनर त्रिदेव पाण्डेय ने एक एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि कार्तिक को वर्कआउट करना बहुत पसंद है। वो इसे जिम्मेदारी की तरह करते हैं और अपनी फिटनेस को लेकर गंभीर रहते हैं।

## योगासन दिलाएंगे सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस से राहत



सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या आजकल बहुत आम हो गई है और इस समस्या से बच्चे से लेकर बड़े तक परेशान है। यह समस्या खासकर उन लोगों को होती है, जो लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करते हैं या गलत आसन में बैठते हैं। तनाव आदि से भी स्पॉन्डिलाइटिस समस्या लोगों को हो जाती है। इसमें गर्दन में होने वाला दर्द काफी परेशान करता है। इसके लक्षणों में सुबह सोकर उठने के बाद गर्दन में अकड़न महसूस करना, गर्दन के पिछले हिस्से में निरंतर या रुक–रुक कर दर्द होना, सिर के पीछे और कभी–कभी माथे में दर्द होना और हाथ की उंगलियों में झुनझुनी महसूस होना, इसके मुख्य लक्षण हैं। सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस को ठीक करने के लिए दवाइयां कुछ हद तक असरदार होती हैं।लेकिन, इस समस्या में उपचार के लिए कुछ योगासन काफी काम आते हैं। इस आसन से सर्वाइकल के दर्द में आपको काफी आराम मिलेगा। मकरासन में मकर का अर्थ है मगरमच्छ और यह योगासन से भी सर्वाइकल, स्पॉन्डिलाइटिस और कंधों में दर्द की समस्या से काफी आराम मिलता है। धनुरासन आपकी रीढ़ की हड्डी को मजबूती प्रदान करता है और लचीला बनाता है। इसे धनुष की मुद्रा में किया जाता है और इससे स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या दूर होती है।



प्लेऑफ में एसआरएच

सनराइजर्स हैदराबाद को मैच रद्द होने का फायदा मिला क्योंकि वो आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम बन गई। जी हां, पैट कमिंस के नेतृत्व वाली सनराइजर्स हैदराबाद पर मैच रद्द होने के बाद क्यू यानी क्वालीफाई का ठप्पा लग गया। कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद ऑरेंज आर्मी प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम बनी।

## काव्या ने दी केन विलियमसन को जादू की झप्पी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। इसी के साथ एसआरएच ने प्लेऑफ में जगह बना ली। मैच खत्म होने के बाद एसआरएच ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस टीम की मालकिन काव्या मारन, गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज केन विलियमसन को गले लगाती दिख रहीं हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। दरअसल, मैच रद्द हो जाने के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे। इसी बीच काव्या ने विलियमसन से मुलाकात की। इस वीडियो पर यूजर्स ने दिलचस्प कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, आज तो काव्या मारन की आवाज सुन ली। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, केन एक जेंटलमैन हैं। खबर लिखे जाने तक इस वीडियो पर 2 लाख 15 हजार लाइक्स मिल चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की उम्मीद टूट गई है। कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स पहले ही से प्लेऑफ में है।

# हाई वोल्टेज मैच पर पड़ सकती है मौसम की मार

क्रिकेट

## सीएसके बनाम आरसीबी के बीच खेला जाना 68वां मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हाई वोल्टेज मैच खेला जाना है। आरसीबी और सीएसके के बीच मैच को वर्चुअल नॉकआउट मैच माना जा रहा है। ऐसे में यह मुकाबला रोमांचक होने की पूरी उम्मीद है, लेकिन दिलचस्प मैच से पहले मौसम की खबर फैंस को परेशान कर रही है।

आज होने वाले मुकाबले पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। आरसीबी के फैंस चाहेंगे कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर होने वाले मैच के दौरान बारिश नहीं हो, वरना उनकी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने के अरमान तार–तार हो जाएंगे। बता दें कि कोलकाता नाइटराइडर्स ने प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान



हासिल किया जबकि राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने भी प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है।

लखनऊ सुपरजायंट्स बड़ी मुश्किलों के बाद प्लेऑफ में क्वालीफाई कर सकता है। हर हाल में आरसीबी और सीएसके के बीच मैच पर नजरें टिकी हुई हैं क्योंकि इस मुकाबले से प्लेऑफ की चौथी टीम मिलना तय माना जा रहा है। मगर मौसम घरेलू फैंस को डरा रहा है।

एक्यूवेदर डॉट कॉम वेबसाइट के मुताबिक आज शाम बेंगलुरु में तेज बारिश की आशंका है। यहां पूरे समय बादल घिरे रहने की उम्मीद है और बारिश 7.2 एमएम होने की संभावना है। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा और तभी तेज बारिश की उम्मीद जताई जा रही है।

आरसीबी को अगर प्लेऑफ में जगह बनानी है तो उसे पहले बल्लेबाजी करने पर सीएसके को 18 रन के अंतर से मात देनी होगी। अगर 17 या कम रन के अंतर से आरसीबी जीती तो वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी क्योंकि उसका नेट रन रेट कम है। अगर आरसीबी लक्ष्य का पीछा करती है तो उसे सीएसके के खिलाफ 18.1 ओवर से पहले लक्ष्य हासिल करना होगा।

वहीं, चेन्नई सुपरकिंग्स को अगर क्वालीफाई करना है तो उसे आरसीबी को हराना होगा। अगर सीएसके हारती है और उसका अंतर 18 रन से कम या 11 गेंदों से कम हुआ तो ऐसी स्थिति में भी वो क्वालीफाई कर जाएगी। बहरहाल, अगर बारिश के कारण ये मैच रद्द हुआ तो दोनों टीमों को एक–एक अंक मिलेगा और ऐसे में चेन्नई सुपरकिंग्स प्लेऑफ में क्वालीफाई कर लेगी।

# सीएसके को हराने के बाद भी प्लेऑफ में जगह नहीं पाएगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए तीन टीमें मिल चुकी हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच शनिवार को आईपीएल 2024 का 68वां मैच खेला जाएगा। इस हाई वोल्टेज मैच के बाद आईपीएल 2024 सीजन को प्लेऑफ की चौथी टीम मिल जाएगी। माना जा रहा है कि आरसीबी और सीएसके के बीच वर्चुअल नॉकआउट मैच है और जो टीम विजेता बनेगी, उसे प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। मगर आरसीबी के साथ एक अलग तरह का पेंच फंसा हुआ है। फाफ डू प्लेसी के नेतृत्व वाली आरसीबी ऐसी उलझन

- इस मुकाबले के बाद प्लेऑफ की चौथी टीम मिल जाएगी

में है कि वो सीएसके को मात देने के बाद भी प्लेऑफ की रेस से बाहर हो सकती है।

आरसीबी को अगर प्लेऑफ में जगह बनानी है तो उसे सीएसके को 18 रन के अंतर से मात देनी होगी। अगर 17 या कम रन के अंतर से आरसीबी जीती तो वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी क्योंकि उसका नेट रन रेट कम है। अगर आरसीबी लक्ष्य का पीछा करती है तो उसे सीएसके के खिलाफ 18.1 ओवर से पहले लक्ष्य हासिल करना होगा।

अगर आरसीबी की टीम 11 या ज्यादा गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल करने से चूक जाती है तो वो बाहर हो जाएगी। वहीं, चेन्नई सुपरकिंग्स को अगर क्वालीफाई करना है तो उसे आरसीबी को हराना होगा। अगर सीएसके हारती है और उसका अंतर 18 रन से कम या 11 गेंदों से कम हुआ तो ऐसी स्थिति में भी वो क्वालीफाई कर जाएगी।

वैसे, एक और समीकरण है। इसका साकार होना बेहद मुश्किल है। मगर ऐसी स्थिति है कि आरसीबी और सीएसके दोनों क्वालीफाई नहीं कर पाएंगी। वो ऐसे कि लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच बड़े अंतर से जीतती है तो उसका नेट रन रेट आरसीबी से बेहतर होगा। तब एलएसजी के पास प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका बन जाएगा।

## मैं अचानक ही नहीं बन गया बीसीसीआई का सचिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेक्रेटरी और इस संस्था के बेहद प्रभावशाली शख्स माने जाने वाले जय शाह ने इंडस्ट्रियलिस्ट के साथ–साथ क्रिकेट में खास दिलचस्पी रखने वाले हर्षवर्धन गोयनका के साथ एक विशेष बातचीत की है। शाह ने गोयनका को यह इंटरव्यू मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में स्थित बीसीसीआई के हेडक्वॉर्टर में दिया जिसमें उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। शाह ने कहा चूंकि बहुत से लोग ऐसा अनुमान लगाते हैं कि मैं किसी तरह सीधे बीसीसीआई का सचिव बन गया। दरअसल, मैंने साल 2009 में ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ क्रिकेट, अहमदाबाद के सदस्य के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद मैं साल 2009 से लेकर 2013 तक गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) का कार्यकारी सदस्य चुना गया।

### न्यूज डायरी



## माही को पिलाई चाय, आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में हुआ थाला का स्वागत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच आज एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हाई वोल्टेज मैच खेला जाना है, जिससे आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के लिए चौथी टीम मिल जाएगी। यह मुकाबला दोनों ही टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि, इस मैच से पहले एक वीडियो ने फैंस का दिल जीत लिया है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि एमएस धोनी ने आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में चाय की चुस्की का आनंद उठाया। वीडियो में नजर आ रहा है कि एमएस धोनी एक डिस्पोजल ग्लास लेकर खड़े हैं और आरसीबी की जर्सी पहने एक सदस्य ने उन्हें चाय परोसकर दी है। आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर यह वीडियो शेयर किया, जो चंद लम्हों में वायरल हो गया। पता हो कि एमएस धोनी अपने कई इंटरव्यू में कह चुके हैं कि उन्हें चाय पीना बेहद पसंद है। धोनी ने कहा था कि वो थोड़ा पुराने व्यक्ति हैं, जिसे चाय की बैठक रास आती है। थाला रांची में अपने दोस्तों से मिलते हैं तो चाय का आनंद उठाते हैं। वो जब मैदान में अभ्यास सत्र पूरा कर लेते हैं तो फिर एक चाय पीना पसंद करते हैं। 42 साल के एमएस धोनी भले ही चाय की चुस्की का आनंद उठा रहे हो, लेकिन इस बीच उनके संन्यास की खबरें जोरों पर हैं। माही के बारे में खबर आई थी कि वो चोट होने के बावजूद मैच खेल रहे हैं और यह संभवतः बतौर खिलाड़ी आईपीएल में उनका आखिरी सीजन है। हालांकि, सीएसके के बैटिंग कोच माइक हसी की सोच अलग है।

## मेरी बेटी ने बल्ला उठा लिया है और उसे बल्ला घुमाने में बहुत मजा आ रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर शेयर एक वीडियो में अपनी निजी जिंदगी और टीम के हालिया प्रदर्शन के बारे में खुलकर बात की। दानिश सैत द्वारा निभाए गए किरदार मिस्टर नैग्स से बात करते हुए कोहली ने अपनी बेटी वामिका के बारे में दिल को छू लेने वाली जानकारी दी। जब उनसे उनके बच्चों के बारे में पूछा गया तो कोहली ने तुरंत अपने बच्चों के बारे में ताजा जानकारी साझा की। जब कोहली से उनके नवजात बेटे अकाय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा– बच्चा अच्छा है, स्वस्थ है। सब कुछ ठीक है, शुक्रिया! इसके बाद उन्होंने वामिका की क्रिकेट में बढ़ती दिलचस्पी के बारे में बात की। उन्होंने कहा– मेरी बेटी ने बल्ला उठा लिया है और उसे बल्ला घुमाने में बहुत मजा आ रहा है। लेकिन मुझे यकीन नहीं है (वह क्रिकेटर बनेगी)। आखिरकार यह उसकी पसंद होगी। आईपीएल में आरसीबी के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हुए कोहली ने टीम के हालिया प्रदर्शन पर संतुष्टि जताई। कोहली ने टीम की वापसी और उनके समर्थकों पर इसके सकारात्मक प्रभाव को दर्शाते हुए कहा– मई का महीना बहुत अच्छा रहा है। अप्रैल में मुझे लगा कि हम बहुत ही पीछे हो रहे हैं। मई में हमें सूरज की रोशनी की किरण मिली। हमें खुशी है कि हमने प्रशंसकों को फिर से खुश किया।

## 17वें सीजन में पैसा वसूल रहे ये अनकैप्ड खिलाड़ी, दिया टीम को बंपर रिटर्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रियान पराग, अभिषेक शर्मा और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ी इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अपनी टीम के लिए पैसा वसूल साबित हुए। इन खिलाड़ियों ने आईपीएल के 17वें सीजन में ना सिर्फ अपने खेल से धमाल मचाया बल्कि वह टीम इंडिया में शामिल होने के लिए दरवाजा भी खटखटा दिया है। खास तौर से रियान पराग और अभिषेक शर्मा का नाम तो इस लिस्ट में सबसे आगे है। ऐसे में आइए जानते हैं उन खिलाड़ियों के बारे में जो 17वें सीजन में अपनी टीम के लिए बंपर रिटर्न साबित हुए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले तुषार देशपांडे ने आईपीएल के 17 वें सीजन में अपने खेल से सबको खूब प्रभावित किया है। इस सीजन में तुषार को सीएसके ने 20 लाख के बेस प्राइस पर रिटेन किया था। वहीं उनके प्रदर्शन की बात की जाए तो उन्होंने 12 मैच में 16 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। इस तरह तुषार देशपांडे अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर अपनी टीम के लिए पैसा वसूल रहे हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने तो अपने खेल से धमाल ही मचा दिया है। केकेआर को इस सीजन में हर्षिक के रूप में हीरा मिला है। हर्षित ने कमाल की गेंदबाजी की है।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने ऋषिकेश में बनाए गए चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप पंहुचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से वार्ता की तथा यात्रियों को पंजीकरण काउंटर खुलने तक प्रशासन द्वारा की गई ठहरने की व्यवस्था हेतु बनाए गए स्थल पर जाने को अनुरोध किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जो यात्री पहले ट्रांजिट कैंप पंहुचे हैंए रजिस्ट्रेशन काउंटर खुलने पर उनका पहले रजिस्ट्रेशन किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों हेतु समुचित मूलभूत सुविधाएं यथाए पेयजलए भोजनए शौचालय, आदि व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे।

### डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया स्टॉपेज केंद्र का निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने शुक्रवार को तीन पानी हरिद्वार रोड यहाईवेद्ध पर बनाए गए स्टॉपेज केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज गबर्याल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार परमेंद्र डोभालएपुलिस अधीक्षक ग्रामीण लोकजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। व्यवस्थित यात्रा व्यवस्था हेतु जो यात्री आ रहे हैं, उनकी पंजीकरण की जांच की जा रही है।

### पदमश्री माधुरी ने राज्यपाल को भेंट की मांगल पुस्तकें

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में पद्मश्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल ने शिष्टाचार भेंट की। डॉ. बड़थ्वाल ने राज्यपाल को स्वलिखित पुस्तक गढ़वाल के संस्कार लोकगीत ''मांगल भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. बड़थ्वाल महिला सशक्तिकरण की प्रेरणास्त्रोत हैं। मांगल पुस्तक के लिए सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक संगीत के छात्रों के लिए बेहद उपयोगी रहेगी। उत्तराखंड का लोक संगीत और संस्कृति राज्य की पहचान है।

### दून की गौशाला में खुला पहला गौ आइसोलेशन वार्ड

**संवाददाता** देहरादून। दून एनिमल वेलफेयर संस्था ने देहरादून का पहला आइसोलेशन वार्ड बना कर तैयार किया है ,जिस आइसोलेशन वार्ड का मकसद है अधिक से अधिक संख्या में घायल गायों का रेस्क्यु कर उनको अच्छी सेवा वा ट्रीटमेंट दे कर उनकी जान को समय रहते बचाया जा सके, इस आइसोलेशन वार्ड की खासियत है यह 24 घंटे एक हेल्पर और एक पैरावैट डॉक्टर हमेशा तैनात रहेंगे ताकि दिन रात सभी घायल गायों को सेवा दी जा सकें।

# बिना पंजीकरण यात्रा कर रहे वाहनों की केदारधाम के लिए एंट्री रहेगी बंद

**निर्देश**

■ बैरियर लगाकर पुलिस द्वारा किये जा रहे हैं पंजीकरण चेक

■ 7 दिनों में एक लाख अस्सी हजार से अधिक यात्री पहुंच चुके केदारनाथ धाम

**संवाददाता**

देहरादून। प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु एवं यात्री वाहन आ रहे हैं। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से लेकर आतिथि तक यानि पहले 07 दिनों में एक लाख अस्सी हजार से अधिक यात्री केदारनाथ धाम पहुंच चुके हैं व अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम सहित, पैदल मार्ग एव रास्ते में हैं।

बताते चलें कि केदारनाथ धाम सहित यात्रा पड़ावों पर रुकने की एक निश्चित क्षमता है। जनपद में स्थित पार्किंगों की भी एक निश्चित क्षमता है। सबसे बड़ी बात कि सीतापुर व सोनप्रयाग स्थित पार्किंगों में किसी वाहन की एन्ट्री हो जाने के उपरान्त वाहन तीन दिन तक पार्किंग में ही रहता है। पार्किंग की एक निश्चित क्षमता होने तथा इससे निकासी काफी



कम होने व बाहर से अत्यधिक संख्या में वाहनों के आने से यात्रा मार्ग पर अत्यधिक दबाव बढ़ रहा है। वाहनों के दबाव को कम किये जाने हेतु जनपद की चौकी जवाड़ी बाई पास पर बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। बद्रीनाथ धाम की तरफ जा रहे वाहनों को मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग होते हुए जाने दिया जा रहा है, केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले वाहनों में निर्धारित तिथि का पंजीकरण होने पर ही यात्रियों वाहनों को जाने दिया जा रहा है। कतिपय यात्री वाहन बिना पंजीकरण के ही जनपद में आ रहे हैं ऐसे वाहनों की जनपद के केदारनाथ धाम के लिए एन्ट्री बिल्कुल बन्द कर दी गयी है तथा पंजीकरण के उपरान्त निर्धारित तिथि को ही केदारनाथ धाम यात्रा पर आने के लिए बताया जा रहा है। स्वयं पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने गत दिवस एवं शुक्रवार को भी चौकी जवाड़ी पर बनायी गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित प्रभारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग पर पुलिस के स्तर से यातायात को नियंत्रित करते हुए सीतापुर व सोनप्रयाग की ओर छोड़ा जा रहा है। तिलवाड़ा, काकड़ागाड़, नारायणकोटि, दगड़्या बैरियर (फाटा) शेरसी में स्थापित अस्थायी बैरियरों पर नियुक्त पुलिस कार्मिकों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सीतापुर व सोनप्रयाग पार्किंग से हो रही निकासी के क्रम में इन स्थानों से वाहन आगे की ओर भेजे जा रहे हैं। सीतापुर व सोनप्रयाग पहुंचे यात्रियों को शटल पार्किंग सोनप्रयाग तक भेजे जाने हेतु कतारबद्ध करते हुए शटल सेवा के माध्यम से गौरीकुण्ड व तदोपरान्त यात्रियों की सुविधानुसार, पैदल, डण्डी–कण्डी या घोड़े–खच्चर की सहायता से केदारनाथ धाम भेजा जा रहा है। केदारनाथ धाम में मन्दिर दर्शन हेतु पंक्तिबद्ध कराकर मन्दिर दर्शन कराये जा रहे हैं।

जनपद पुलिस केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करती है व जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं व यात्रियों से अपील है कि वे अपना पंजीकरण करने के उपरान्त ही श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर आयें व पुलिस प्रशासन द्वारा बनायी जा रही व्यवस्थाओं में सहयोग करें।

### पुलिस बल व प्रशासन के साथ अभद्र व्यवहार नहीं होगा स्वीकार्य



ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस बल व प्रशासन के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा। पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है।

# चारधाम यात्राः मोर्चे पर मुखिया, सुधरे हालात

**बैठक**

■उत्तरकाशी के बड़कोट में ग्राउंड जीरो पर पहुँचे सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। चारधाम यात्रा के शुरुआती चरण में उमड़ रही अप्रत्याशित भीड़ के बावजूद राज्य की धामी सरकार पूरी मुस्तैदी के साथ हर चुनौती से पार पाने के लिए अग्रिम मोर्चे पर डटी है। मुख्यमंत्री धामी, बीते रोज चुनावी दौरे को लेकर हरियाणा में थे लेकिन वे बगैर देर किए एकाएक इस दौरे को बीच में छोड़ देहरादून स्थित सचिवालय पहुँचे और उच्चाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसका नतीजा यह रहा कि 24 घंटे बीतने से पहले ही



अब यात्रा सुगम व सुचारू रूप से चल रही है। टीम धामी के कई आला अधिकारी पहले से चारधाम यात्रा मार्गों पर डटे हुए हैं। इस बीच, शुक्रवार सुबह उन्होंने फिर सचिवालय में अपने अधिकारियों के साथ बैठक की और सीधा ग्राउंड जीरो पर जायजा लेने के लिए बड़कोट रवाना हो गए।

चार धामों के 10 मई व 12 मई को कपाट खुलने के बाद से इस बार यात्रियों की संख्या नया रिकॉर्ड बना रही है। दूसरी तरफ, यात्रियों की सुगम, सुरक्षित व निर्बाध यात्रा हेतु धामी सरकार संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों पर पहले ही उनके सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम से लेकर अन्य अधिकारियों को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग जिलों में तैनात किया गया है। इसका नतीजा यह हुआ कि स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर चीजों को व्यवस्थित करने में मदद मिली। वहीं, शुक्रवार सुबह सीएम धामी सचिवालय पहुँचे और बगैर देर किए उन्होंने अफसरों के साथ सारे हालातों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश देने के साथ ही खुद भी ग्राउंड जीरो का हाल देखने के लिए बड़कोट रवाना हो गए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस बार अप्रत्याशित भीड़ जरूर धामों में उमड़ रही है लेकिन टीम एफर्ट के जरिये यात्रा को व्यवस्थित कर लिया गया है।

### फर्जी रजिस्ट्रेशन तैयार करने पर दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**संवाददाता** देहरादून। चारधाम यात्रा का आगाज होते ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ श्री यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम पर दर्शन के लिए उमड़ रही है, इसी बीच कल फर्जी रजिस्ट्रेशन का मामला भी सामने आया है, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रजिस्ट्रेशन सेन्टर हीना में चौकिंग के दौरान रजिस्ट्रेशन बार कोड चौक करने पर दो यात्री बसों की रजिस्ट्रेशन की तिथि फर्जी पायी गयी, दोनों बसों में 88 तीर्थयात्री सवार थे, श्रद्धालुओं द्वारा बताया गया कि हरिद्वार से टिंकू व माटू नामक 02 टूर ऑपरेटर द्वारा उनके रजिस्ट्रेशन में फर्जीवाडा कर उनके साथ छलावा किया गया है। श्रद्धालुओं की तहरीर पर दोनों टूर ऑपरेटरों के विरुद्ध कोतवाली मनेरी पर सरकारी दस्तावेज पर धोखे से कूटरचना कर फर्जी रजिस्ट्रेशन तैयार करने पर धारा 420 / 467 / 468 / 471 भादवि में दो अभियोग पंजीकृत किये गये हैं, विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।